भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

**लोक सभा**

लिखित प्रश्न सं. 1954

सोमवार, 14 मार्च, 2022/23 फाल्गुन, 1943 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

**पर्यटन को बढ़ावा देने में आईटीडीसी की भूमिका**

**1954. श्री सुमेधानन्द सरस्वतीः**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में पर्यटन और आतिथ्य सत्कार उद्योग को बढ़ावा देने में भारत पर्यटन विकास निगम (आईटीडीसी) की क्या भूमिका रही है;

(ख) वर्तमान में देश में कितने आईटीडीसी होटलों का संचालन हो रहा है;

(ग) क्या सरकार ने हाल के वर्षों में आईटीडीसी को हुए भारी नुकसान पर ध्यान दिया है;

(घ) यदि हां, तो इन होटलों की आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क): वर्तमान में, भारत पर्यटन विकास निगम लिमिटेड (आईटीडीसी) निम्नलिखित कार्यक्षेत्रों में कार्य कर रहा है:

- अशोक ग्रुप ऑफ होटल्स प्रभाग: अपने मुख्य उद्देश्यों के एक अंग के रूप में, आईटीडीसी होटल, रेस्तरां और खानपान प्रतिष्ठानों का संचालन कर रहा है।
- अशोक ट्रेवल्स एंड टूअर्स (एटीटी) प्रभाग देश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए हवाई टिकट, परिवहन, आवास, पर्यटन आदि जैसी यात्रा संबंधी सेवाएं प्रदान कर रहा है।
- अशोक कंसल्टेंसी एंड इंजीनियरिंग सर्विसेज (एसीईएस) प्रभाग: देश में पर्यटन के विकास और विस्तार के लिए पर्यटन मंत्रालय और राज्य सरकारों द्वारा स्वीकृत विभिन्न परियोजनाओं के कार्यान्वयन का कार्य करता है।

आईटीडीसी का एसीईएस प्रभाग अपनी स्थापना से ही पर्यटन की बुनियादी संरचना के विकास, होटल, वाणिज्यिक, शैक्षिक, भूविन्यास, रिवर फ्रंट विकास परियोजनाओं और थीम आधारित पार्कों आदि के लिए अवधारणा से लेकर पूर्ण स्थापना तक की सेवाएं प्रदान कर रहा है। यह प्रभाग पर्यटन की बुनियादी संरचना के विकास के लिए पर्यटन मास्टर प्लान, व्यवहार्यता और पूर्व-व्यवहार्यता रिपोर्ट, लागत-लाभ विश्लेषण, विस्तृत परियोजना रिपोर्ट, ड्राइंग- रेखचित्र की तैयारी, अनुमान और निविदा दस्तावेज भी तैयार करता है। यह प्रभाग पर्यटन मंत्रालय की स्वदेश दर्शन, प्रशाद एवं केंद्रीय वित्तीय सहायता योजना और राज्य सरकारों के तहत विभिन्न पर्यटन अवसंरचना परियोजनाओं को क्रियान्वित कर रहा है। प्रभाग द्वारा पर्यटन को बढ़ावा देने और

पर्यटकों की संख्या में वृद्धि करने के लिए ध्वनि और प्रकाश प्रदर्शन/ मल्टीमीडिया शो और संगीतमय फव्वारे चलाए जा रहे हैं। यह प्रभाग ध्वनि और प्रकाश प्रदर्शन (एसईएल) के कार्यान्वयन के लिए देश की सबसे पुरानी इकाई है।

- अशोक समारोह प्रभाग (एईडी), आईटीडीसी की एक कार्यनीतिक व्यापार इकाई, एक प्रमुख समारोह प्रबंधन एजेंसी है जो सम्मेलनों, प्रदर्शनियों, कार्यशालाओं, संगोष्ठियों और अन्य राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रमों का प्रबंधन करती है। अशोक समारोह की मुख्य क्षमता एक पेशेवर सम्मेलन आयोजक के रूप में सभी सेवाओं के वन-स्टॉप समाधान प्रदान करने की है। इन-हाउस अपनी आंतरिक डिज़ाइन सेवा और मुद्रण विशेषज्ञता की मदद से यह मुद्रण सेवाएं भी प्रदान करता है। आईटीडीसी ने समारोह प्रबंधन में बड़े पैमाने पर अपनी पहचान बनाई है और इसकी समृद्ध विशेषज्ञता के साथ सरकारी मंत्रालयों, विभागों, स्वायत्त निकायों और प्राधिकरणों की एक शानदार ग्राहक सूची तैयार की है। सम्मेलनों, कार्यशालाओं, कॉन्क्लेव, पुरस्कार समारोहों और राष्ट्रीय महत्व के अन्य कार्यक्रमों का प्रबंधन करने के लिए अशोक समारोह पर्यटन मंत्रालय की एक नामित एजेंसी है।

- अशोक आतिथ्य एवं पर्यटन प्रबंधन संस्थान (एआईएच एण्ड टीएम); आईटीडीसी का मानव संसाधन विकास प्रभाग पूर्व स्नातक और स्नातक स्तर पर गुणवत्तापूर्ण आतिथ्य शिक्षा प्रदान करता है, इस प्रकार आतिथ्य उद्योग को प्रशिक्षित और गुणवत्तापूर्ण जनशक्ति के साथ मदद करता है। उपरोक्त के अलावा, मानव संसाधन प्रभाग उन कर्मचारियों को भी प्रशिक्षित करता है जो मैट्रिक पास और उससे ऊपर हैं, ताकि उन्हें होटल उद्योग में मौजूदा कर्मचारियों के लिए नौकरी के योग्य और कौशल उन्नयन पाठ्यक्रम उद्योग मानकों के बराबर लाने के लिए प्रशिक्षित किया जा सके।

अशोक आतिथ्य एवं पर्यटन प्रबंधन संस्थान (एआईएचएंडटीएम) निम्नलिखित कार्यक्रम/ पाठ्यक्रम भी संचालित करता है:-

- एआईएच एंड टीएम राष्ट्रीय होटल प्रबंधन और खानपान प्रौद्योगिकी परिषद/इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय के साथ संबद्धता में आतिथ्य और होटल प्रशासन (एच एंड एचए) में 03 साल का बीएससी कार्यक्रम संचालित कर रहा है।
  - जामिया मिलिया इस्लामिया विश्वविद्यालय के सहयोग से बी.वोक (खाद्य उत्पादन में) और आतिथ्य प्रबंधन में डिप्लोमा।
  - मानव संसाधन विकास मंत्रालय के राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (एनआईओएस) के साथ संयुक्त रूप से खाद्य उत्पादन, बेकरी और कन्फेक्शनरी, फ्रंट ऑफिस, हाउसकीपिंग और खाद्य और पेय सेवाओं में एक वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम।
  - पर्यटन मंत्रालय के हुनर से रोज़गार तक (एचएसआरटी), कौशल परीक्षण और प्रमाणन (एसटीसी), उद्यमिता कार्यक्रम (ईपी) कार्यक्रम।
  - आईटीडीसी ने समूह और सोसाइटियों का गठन करके "उद्यमिता विकास कार्यक्रम" के तहत आईटीडीसी के मानव संसाधन प्रभाग के भीतर एक समानांतर कार्यक्षेत्र बनाया है, जिसके माध्यम से हाल ही में बेरोजगार हुए और रोजगार के अन्य अवसरों की तलाश कर रहे अनुभवी स्नातकों को आतिथ्य पेशेवरों के साथ-साथ होटल प्रबंधन

संस्थानों के आतिथ्य क्षेत्र में सरकारी और निजी कार्यालयों/ नए संस्थानों और अन्य वाणिज्यिक भवनों में खानपान और अन्य आतिथ्य संबंधी प्रतिष्ठानों में विभिन्न जगहों पर (कैंटीन/कैफे, इवेंट मैनेजमेंट, जनशक्ति सेवाएं, भोज सेवाएं, कीट नियंत्रण, पैकेज्ड खाद्य पदार्थ आदि) चलाने के लिए गैर-वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। चयनित उम्मीदवारों के लिए उद्यमिता विकास कार्यक्रम पर एनआईईएसबीयूडी, एमएसडीई, नोएडा द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

- देश में विभिन्न पेशेवर आतिथ्य संस्थानों से औद्योगिक प्रशिक्षुओं को नौकरी के दौरान प्रशिक्षण।
- विभिन्न सरकारी विभागों/संस्थानों के लिए अनुकूलित प्रशिक्षण कार्यक्रम।
- कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय के तहत प्रशिक्षुता प्रशिक्षण। कोविड-19 महामारी के इस कठिन समय में, भारतीय पर्यटन विकास निगम के मानव संसाधन विकास प्रभाग ने होटलों में कोविड-19 के बाद संचालन पर एक मैनुअल संकलित किया है और आईटीडीसी के प्रत्येक होटल और खानपान इकाई में इसका पालन किया जा रहा है।
- आईटीडीसी ने आंध्र प्रदेश में आतिथ्य क्षेत्र में कौशल शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए आंध्र प्रदेश राज्य कौशल विकास निगम (एपीएसएसडीसी) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। अशोक आतिथ्य एवं पर्यटन प्रबंधन संस्थान ने आईआरसीटीसी, मध्य प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम, इरेडा, भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक कार्यालय जैसे प्रतिष्ठित संगठनों के कर्मचारियों और अधिकारियों के लिए आतिथ्य संचालन कोविड-**19** के बाद पर विभिन्न आभासी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए हैं और कर्नाटक भवन, जम्मू-कश्मीर हाउस, एसएमवीडीएसबी, तमिलनाडु हाउस आदि के साथ इन्हें इसे अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में है। इन एजेंसियों ने एआईएचएंडटीएम द्वारा उक्त प्रशिक्षण आयोजित करने के लिए सराहना की गई है।
- अशोक आतिथ्य एवं पर्यटन प्रबंधन संस्थान (एआईएच एंड टीएम) ने आजादी का अमृत महोत्सव के मद्देनजर स्वतंत्र भारत के 75 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में वियतनाम वाणिज्य दूतावास के लिए एक लाइव भोजन प्रदर्शन का सफलतापूर्वक आयोजन किया है। इन सत्रों ने आईटीडीसी को विश्व दर्शकों के सामने प्रदर्शित किया गया और इस प्रयास की व्यापक रूप से सराहना की गई। उपरोक्त के अलावा, संस्थान नियमित रूप से अपने कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित करता है। संस्थान वर्ष के दौरान निगम के कर्मचारियों के लिए सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान निविदा प्रक्रिया, कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम, ग्रूमिंग क्लासेस, विक्रेता कार्यशाला पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर रहा है।

➢ अशोक अंतर्राष्ट्रीय व्यापार प्रभाग (एआईटीडी); समुद्रपत्तनों पर शुल्क मुक्त माल के लिए 15 दुकानें संचालित करता है जो समुद्री मार्ग से यात्रा करने वाले अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों की सुविधा प्रदान करते हैं।

(ख): वर्तमान में निम्नलिखित होटल आईटीडीसी/ संयुक्त उद्यम कंपनियों द्वारा संचालित किए जा रहे हैं:

| # | **होटल का नाम-आईटीडीसी** | **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र** |
|---|---|---|
| 1 | अशोक होटल | नई दिल्ली |
| 2 | सम्राट होटल | नई दिल्ली |
| 3 | होटल कलिंग अशोक | भुवनेश्वर, ओडिशा |
| 4 | होटल जम्मू अशोक (प्रचालन बंद) | जम्मू, जम्मू और कश्मीर |

| # | होटलों का नाम- संयुक्त उद्यम | राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र | के साथ संयुक्त उद्यम |
|---|---|---|---|
| 1 | अशोक बीच रिज़ॉर्ट | पुदुचेरी | आईटीडीसी: पीआईपीडीआईसीएल |
| 2 | होटल रांची अशोक (प्रचालन बंद) | रांची, झारखंड | आईटीडीसी: बीएसटीडीसी |
| 3 | होटल नीलाचल अशोक (प्रचालन बंद) | पुरी, ओडिशा | आईटीडीसी: ओटीडीसी |

(ग): आईटीडीसी को वित्तीय वर्ष 2020-21 में कोविड-19 प्रभाव और लॉक डाउन प्रतिबंधों के कारण को छोड़कर, पिछले पांच वर्षों के दौरान कोई नुकसान नहीं हुआ है। पिछले पांच वर्षों के दौरान कंपनी की लाभप्रदता स्थिति इस प्रकार है:-

**(लाख रुपए में)**

| **वित्तीय वर्ष** | **कर पश्चात लाभ (पीएटी)** | **कुल व्यापक आय (टीसीआई)** |
|---|---|---|
| 2020-21 | -2,720.29 | -2,583.86 |
| 2019-20 | 2,195.47 | 1,429.90 |
| 2018-19 | 3,957.44 | 4,135.04 |
| 2017-18 | 1,770.72 | 1,322.32 |
| 2016-17 | 1,143.20 | 1,062.33 |

(घ): आईटीडीसी द्वारा होटलों में सुधार करने के लिए निम्नलिखित कदम उठाए गए हैं:

- हाल के दिनों में द' अशोक होटल, नई दिल्ली में कुछ कमरों का नवीनीकरण।
- सम्राट होटल, नई दिल्ली में 48 कमरों का नवीनीकरण, मेहमानों के लिए एक नया स्विमिंग पूल और एक नया लाइसेंस प्राप्त खाद्य और पेय दुकान (आउटलेट) को शामिल किया गया है।
- ऑनलाइन रूम बुकिंग के लिए अधिकांश ऑनलाइन ट्रैवल एजेंटों के साथ समझौते किए गए हैं।
- आईटीडीसी के होटलों और खानपान प्रतिष्ठानों में उत्पादों/सेवाओं का आधुनिकीकरण और उन्नयन एक नियमित और सतत प्रक्रिया है।

(ङ): जैसा कि ऊपर बिंदु (घ) में उत्तर दिया गया है।

*******